**Series SOS**

Code No. **69**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **6** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **32** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **6** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# HOME SCIENCE (Theory)

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

***General Instructions :***

(i) ***All** questions are compulsory.*

(ii) *Marks for each question are indicated against it.*

(iii) *Read each question carefully and answer to the point.*

(iv) *All parts of a question should be attempted together.*

**सामान्य निर्देश :**

(i) ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं ।*

(iii) *प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा समुचित उत्तर दें ।*

(iv) *प्रश्न के सभी भाग इकट्ठे हल किए जाएँ ।*

**1.** Mention the standard marks you would look for on the packets of salt and honey, while buying. *1*

नमक व शहद खरीदते समय आप पैकेटों पर कौन-कौन से मानक चिह्नों का निरीक्षण करेंगे ?

**2.** Name two grease absorbents which are used to remove stains from garments. *1*

कपड़ों पर से धब्बे छुड़ाने के लिए चिकनाई सोखने वाले दो रसायनों के नाम बताइए ।

**3.** At what age does an infant cut his first milk tooth ? How many milk teeth does he get till one year ? *1*

शिशु का पहला दूध का दाँत किस आयु में निकलता है ? एक वर्ष का होने तक उसके मुँह में कुल कितने दूध के दाँत होते हैं ?

**4.** Give two suggestions to remove excessive blue from cotton garments. *1*

सूती वस्त्रों पर से अत्यधिक नील हटाने के लिए दो सुझाव दीजिए ।

**5.** State two important points you would consider while buying clothes for a seven-month-old child. *1*

सात माह के शिशु के लिए कपड़े खरीदते समय आप किन दो आवश्यक बातों का ध्यान रखेंगे ?

**6.** Indicate two cognitive abilities of a child at the age of one year. *1*

एक वर्ष के बच्चे की दो संज्ञानात्मक क्षमताएँ लिखिए ।

7. Mention two adulterants which are commonly found in coffee. *1*

कॉफी में अक्सर पाई जाने वाली दो मिलावटें बताइए ।

8. When suffering from fever, which two kinds of foods should Sudha have in her meals ? *1*

ज्वर होने पर सुधा को किन दो प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए ?

9. How does babbling help in the language development of a child ? *1*

बच्चे की भाषा के विकास में बबलाना किस प्रकार सहायक होता है ?

10. State two indicators of good workmanship in the cuff of a gents' shirt. *1*

मर्दों की कमीज़ के कफ की अच्छी कारीगरी के दो संकेत बताइए ।

11. To ensure accurate quantity, what four points would you check while buying milk from a milkman ? *2*

दूध-वाले से दूध की सही मात्रा में खरीद के लिए आप किन चार बातों पर ध्यान देंगे ?

12. Rini spoilt her silk dress while removing stains with a chemical. What precautions should she have taken to prevent this ? *2*

रसायनों से धब्बे छुड़ाते समय रीनी की रेशमी पोशाक को नुकसान पहुँचा है । इस नुकसान से बचने के लिए उसे और कौनसी सावधानियाँ बरतनी चाहिए थीं ?

13. "Home Science offers vast employment opportunities in each of its fields." Support this statement with the help of an example from each field of Home Science. *2*

"गृह विज्ञान के प्रत्येक क्षेत्र में रोज़गार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं ।" इस कथन की पुष्टि गृह विज्ञान के प्रत्येक क्षेत्र से एक-एक उदाहरण देकर कीजिए ।

14. What four qualities of fabric would determine its property of durability ? *2*

किसी कपड़े की मज़बूती उसकी किन चार विशेषताओं पर निर्भर करती है ?

15. State two indicators each by which a mother knows that her four-month-old child has normal motor and social development. *2*

ऐसे दो-दो सूचक बताइए जिन्हें देखकर माँ को विश्वास हो सके कि उसके चार माह के शिशु का गत्यात्मक व सामाजिक विकास सामान्य है ।

16. Name two things which can damage silk clothes during storage. What two steps should you adopt to prevent this spoilage ? *2*

संग्रह किए हुए रेशमी वस्त्रों को किन दो कारणों से हानि पहुँच सकती है ? इस हानि से बचाने के लिए आपको कौनसी दो सावधानियाँ बरतनी चाहिए ?

17. List four main reasons for a two-year-old child to get angry. *2*

दो वर्षीय बच्चे के क्रोधित होने के चार प्रमुख कारण बताइए ।

18. Which four qualities you would look for, while selecting staff for a crèche ? *2*

एक क्रेश के लिए कार्यकर्ताओं का चयन करते समय आप उनके किन चार गुणों की ओर ध्यान देंगे ?

19. Give four reasons as to why pregnant women should regularly visit an ICDS centre. *2*

गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से आई.सी.डी.एस. केन्द्र जाना आवश्यक क्यों है ? चार कारण बताइए ।

20. Rehman is a farmer. He lives in a hilly area with his wife, two school-going children and an old mother. Mention four important factors which would influence the meal planning of this family. *2*

रहमान एक किसान है । वह अपनी पत्नी, स्कूल जाने वाले दो बच्चे और एक बूढ़ी माँ के साथ पहाड़ी क्षेत्र में रहता है । इस परिवार के आहार आयोजन को कौनसे चार प्रमुख कारक प्रभावित करेंगे ?

21. "Use of boiling method may not always assure you of safe potable water." Support this statement with four reasons. *2*

"उबालने की विधि का प्रयोग करके भी पेयजल के असुरक्षित रहने की संभावना हो सकती है ।" इस कथन की पुष्टि चार कारण देकर कीजिए ।

22. Most villagers are suffering from paralysis. The doctor has ascribed it to some adulterant in their food. What could be the name of this adulterant ? Mention two other symptoms associated with this adulterant. How can villagers safeguard themselves from buying adulterated foods ? *3*

गाँव के बहुत से लोग लकवा रोग से ग्रस्त हैं । डॉक्टर ने इसका कारण उनके भोजन में किसी मिलावट को बताया है । इस मिलावट का नाम बताइए । इससे सम्बन्धित कोई दो अन्य लक्षण भी बताइए । मिलावटी खाद्य पदार्थों की खरीदारी से बचने के लिए उन्हें कौनसे कदम उठाने चाहिए ?

**23.** List six desirable hygienic habits you would propose to a vendor who sells chat-papri by the roadside. *3*

सड़क के किनारे चाट-पापड़ी बेचने वाले को आप स्वच्छता सम्बन्धी कौनसी छः वांछनीय आदतें अपनाने को कहेंगे ?

**24.** What six ways can college-going students adopt to help themselves in supplementing their real income ? *3*

कॉलेज जाने वाले विद्यार्थी अपनी वास्तविक (आत्मिक) आय में वृद्धि किन छः तरह से कर सकते हैं ?

**25.** Predict six problems a family can face if it does not maintain record of its household expenses. *3*

अपने घरेलू व्यय का ब्यौरा न लिखने से परिवार के सामने पैदा होने वाली छः समस्याओं का उल्लेख कीजिए ।

**26.** Outline the steps of washing a woollen sweater at home. *3*

ऊनी स्वेटर को घर पर ही धोने के चरणों का उल्लेख कीजिए ।

**27.** Identify any three specific symptoms of polio. How can it be prevented ? *3*

पोलियो रोग के कोई तीन विशिष्ट लक्षण बताइए । इस रोग की रोकथाम कैसे की जा सकती है ?

**28.** Illustrate any four ways each of creating emphasis and rhythm in a dress of skirt and a top. *4*

स्कर्ट व टॉप की एक पोशाक में महत्त्व और लय लाने के लिए प्रत्येक के चार-चार तरीके प्रस्तुत कीजिए ।

**29.** List any four difficulties a partially blind child may face in a normal classroom. What facilities can be made available in school which can help meet his/her specific needs ? *4*

सामान्य कक्षा में एक आंशिक रूप से अंधे बच्चे को किन चार समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है ? उसकी विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए कौनसी सुविधाएँ स्कूल में उपलब्ध हो सकती हैं ?

**30.** A family with a lactating mother has been served aloo parantha and curd for breakfast. Modify the meal to suit the nutritional needs of the lactating mother, justifying your selection adequately. *4*

एक परिवार जिसमें स्तनपान कराने वाली माता भी है, को नाश्ते में आलू का पराँठा व दही परोसा गया है । स्तनपान कराने वाली माता की पौष्टिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इस नाश्ते में परिवर्तन सुझाइए, और अपने सुझाव की पुष्टि कीजिए ।

**31.** Describe the right to information and right to basic needs. Write one step each taken by the government which ensures that these two rights of consumers are adequately met. *4*

सूचना का अधिकार और मूल आवश्यकताओं के अधिकार को विस्तार से समझाइए । उपभोक्ताओं के इन दो अधिकारों की रक्षा करने के लिए, सरकार ने क्या कदम उठाए हैं ? एक-एक उदाहरण दीजिए ।

**32.** Your brother works in a bank and wants to invest one lakh rupees. Suggest to him any two schemes which are safe and provide tax rebate. Mention three other features of these schemes. *4*

आपके भाई बैंक में नौकरी करते हैं और एक लाख रुपए का निवेश करना चाहते हैं । उन्हें ऐसी दो योजनाओं का सुझाव दीजिए जो सुरक्षित होने के साथ-साथ आयकर में भी छूट दिलाएँ । सुझाई गई योजनाओं के तीन अन्य गुण भी बताइए ।